This question paper contains **8+4** printed pages]

*आपका अनुक्रमांक* ..................................

**4421**

**B.A. (Programme)/I** **G-II**

**HINDI LANGUAGE (C)**—Paper I (A-137)

हिंदी भाषा (ग)—प्रश्नपत्र I (A-137)

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10

(क) रेल के डिब्बे में यात्री आमने-सामने बैठते हैं । सामने कोई युवती बैठी हो तो आप उससे नजरें मिला सकते हैं । सफर लंबा होता है, कोशिश करेंगे तो बात आगे बढ़ सकती है । हवाई जहाज में सब एक के पीछे एक बैठते हैं जैसे सिनेमा-नाटक में बैठे हों । ले-देकर

P.T.O.

नज़र सामने दो एयर होस्टेसों पर जाती है । चूँकि उन्हें घूरने के दाम टिकट में जुड़े रहते हैं, इसलिए मैं उन्हें घूरने लगा । उनके चेहरे पर निरंतर एक किस्म की वाणिज्य मुस्कान चिपकी हुई थी । जो सुन्दरी सबको देखकर मुस्करा रही हो उससे कब तक नज़र मिलाओ । वह नमस्ते करती थी, धन्यवाद देती थी, उतरने पर शुभ यात्रा की कामना करती थी । रेल में कभी किसी ने ऐसा नहीं किया । हम जब भी बाहर निकले टिकट चेकर ने हमें शक की निगाहों से देखा । क्योंकि हम शक्ल से हमेशा विदाउट टिकट लगते हैं । प्लेन पर उल्टी बात थी । जब हम उतर रहे थे, एयर होस्टेस हमें मुस्कराकर विदा दे रही थी । सच बताऊँ मुझे अच्छा नहीं लगा ।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(*ii*) रेल-यात्रा और हवाई-यात्रा में क्या अंतर है ?

(*iii*) एयर-होस्टेस की मुस्कान को 'वाणिज्य-मुस्कान' क्यों कहा गया है ?

(*iv*) लेखक किसे घूरने की बात कर रहा है ?

(*v*) टिकट-चेकर लेखक को शक की निगाहों से क्यों देखता है ?

(ख) अंततः इस संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा ? यह गंभीर चिंता का विषय है । हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है । जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती । न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से । भले ही वे अंतर्राष्ट्रीय हों । पित्ज़ा और बर्गर कितने ही आधुनिक हों, हैं वे कूड़ा खाद्य । समाज में वर्गों की दूरी बढ़ रही है, सामाजिक सरोकारों में कमी आ रही है । जीवन स्तर का यह बढ़ता अंतर आक्रोश और अशांति को जन्म दे रहा है । जैसे-जैसे दिखाने की यह संस्कृति फैलेगी, सामाज़िक अशांति भी बढ़ेगी । हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का

ह्रास तो हो ही रहा है, हम लक्ष्य भ्रम से भी पीड़ित हैं । विकास के विराट उद्देश्य पीछे हट रहे हैं, हम झूठी तुष्टि के तात्कालिक लक्ष्यों का पीछा कर रहे हैं । मर्यादाएँ टूट रही हैं, नैतिक मानदंड ढीले पड़ रहे हैं । व्यक्ति-केंद्रिकता बढ़ रही है, स्वार्थ परमार्थ पर हावी हो रहा है । भोग की आकांक्षाएँ आसमान को छू रही हैं । किस बिन्दु पर रुकेगी यह दौड़ ?

गांधीजी ने कहा था कि हम स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे-खिड़की खुले रखें पर अपनी बुनियाद पर कायम रहें ।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(*ii*) लेखक किस संस्कृति के फैलाव से चिंतित है ?

(*iii*) पित्ज़ा और बर्गर को कूड़ा खाद्य क्यों कहा गया है ?

(*iv*) सामाजिक वर्गों के बीच बढ़ती दूरी किस प्रकार आक्रोश एवं अशांति को जन्म दे रही है ?

(*v*) स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के संदर्भ में गांधीजी के क्या विचार हैं ?

(ग) भाषा यानी केवल जीभ, 'जुबान' नहीं । भाषा यानी मन और माथा भी । एक का नहीं, एक बड़े समुदाय का मन और माथा जो अपने आसपास के और दूर के भी संसार को देखने-परखने-बरतने का संस्कार अपने में सहज संजो लेता है । ये संस्कार बहुत कुछ उस समाज की मिट्टी, पानी, हवा में अंकुरित होते हैं, पलते-बढ़ते हैं और यदि उनमें से कुछ मुरझाते भी हैं तो उनकी सूखी पत्तियाँ वहीं गिरती हैं, उसी मिट्टी में खाद बनती है । इस खाद, यानी असफलता की ठोकरों के अनुभव से ही समाज कुछ नया सीखता है ।

लेकिन कभी-कभी समाज के कुछ लोगों का माथा थोड़ा बदलने लगता है । यह माथा अपनी भाषा भी

बदलता है । यह सब इतना चुपचाप होता है कि समाज के सजग माने गए लोगों के भी कान खड़े नहीं हो पाते ।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(*ii*) लेखक भाषा को एक बड़े समुदाय का मन और माथा क्यों मानता है ?

(*iii*) 'इस खाद यानी असफलता की ठोकरों के अनुभव से ही समाज कुछ नया सीखता है ।' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iv*) अपने आस-पास और दूर के संसार को देखने का संस्कार कहाँ अंकुरित होता है ?

(*v*) 'अंकुरित' शब्द में 'अंकुर' मूल शब्द है और 'इत' प्रत्यय । 'इत' प्रत्यय लगाकर **चार** अन्य शब्द लिखिए ।

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(*i*) ईद की नमाज के माध्यम से लेखक ने इस्लाम की कौनसी शिक्षा पर प्रकाश डाला है ? (ईदगाह)

(*ii*) सरकार की शब्दकोश-नीति पर लेखक को ऐतराज क्यों है ? (हिंदी का सरलीकरण)

(*iii*) गाँव वालों का दुख दूर करने में शिक्षा-प्रचार की क्या भूमिका है ? (गाँवों की अनिवार्य आवश्यकताएँ)

(*iv*) दिल्ली पर किस-किस वंश के शासकों ने राज किया ? (दिल्ली की आप बीती)

(*v*) दीपावली का पर्व किसका प्रतीक है ?

(दीपावली सामाजिक मंगलेच्छा का प्रतिमा पर्व)

(*vi*) लेखक टैक्स की बीमारी से क्यों मरना चाहता है ?

(अपनी-अपनी बीमारी)

(*vii*) लेखक को एयरपोर्ट तक छोड़ने कोई क्यों नहीं गया?

(ऊपर उठने की मुसीबत)

(*viii*) भाषा और बोली में क्या अंतर है ?

(भाषा, बोली और पर्यावरण)

3. (क) निम्नलिखित शब्दों का कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार व्याकरणिक कोटियों में अंतरण कीजिए : 5

(*i*) लोभ (विशेषण)

(*ii*) दरिद्र (संज्ञा)

(*iii*) प्रताड़ना (विशेषण)

(*iv*) विकास (विशेषण)

(*v*) सहायक (संज्ञा) ।

(ख) किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(*i*) यह सर्वोत्तम रोग का उपचार है ।

(*ii*) मुझे अनेकों पुरस्कार मिले ।

(*iii*) उन दोनों में घोर मित्रता है ।

(*iv*) चलती सीमा बस से कूदी ।

(*v*) चाय का गरम कप दो ।

(*vi*) नाव में नदी डूब रही है ।

(*vii*) राजू को काटकर सेब खिलाओ ।

(*viii*) मैंने अपने घर जाना है ।

4. 'निर्मला' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(*i*) मतई ने उदयभानु पर वार क्यों किया ?

(*ii*) निर्मला का व्यवहार तोताराम तथा मंसाराम के सामने अलग-अलग क्यों था ?

(*iii*) सुधा कौन थी ? वह निर्मला के प्रति सहानुभूति क्यों रखती थी ?

(*iv*) रुक्मिणी कौन थी ? निर्मला के साथ उसका व्यवहार कैसा था ?

(*v*) निर्मला की बहन का क्या नाम था ? उसका विवाह कहाँ तय हुआ था ?

(*vi*) मंसाराम की दयनीय अवस्था देखकर निर्मला की क्या दशा हुई ?

(*vii*) सुधा ने निर्मला की कहानी सुनकर अपने पति से क्या कहा ?

(*viii*) निर्मला के गहने चोरी होने के बाद उसके व्यक्तित्व में क्या परिवर्तन आया ?

**अथवा**

'आज भी खरे हैं तालाब' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) 'तालाब पर काम अमानी में चलेगा ।'—यहाँ अमानी का क्या अर्थ है ?

(*ii*) आगौर किसे कहते हैं ? इसे अन्य किस नाम से जाना जाता है ?

(*iii*) तालाब के लिए प्रचलित किन्हीं **चार** नामों का उल्लेख कीजिए ।

(*iv*) गुचकुलिया किस प्रकार के तालाब को कहते हैं ?

(*v*) भोपाल ताल किस राजा द्वारा किस सदी में बनवाया गया था ?

(*vi*) 'नेष्टा' किसे कहते हैं ?

(*vii*) तालाब के संदर्भ में 'पाल' की क्या उपयोगिता है ?

(*viii*) 'अगरिया' जाति के लोग मुख्यत: क्या काम करते थे ?

5. (क) किसी **एक** विषय पर लेख/निबंध लिखिए : 10

(*i*) विश्व पुस्तक मेला

(*ii*) आरक्षण

(*iii*) बेघर होते वृद्ध ।

(ख) 'मुंबई में आतंकवादी हमला' विषय पर रिपोर्ट लिखिए । 10

**अथवा**

अपने क्षेत्र में पार्क विकसित कराने के लिए नगर-निगम अधिकारी को पत्र लिखिए ।

6. (क) कोश की उपयोगिता बताते हुए **दो** कोशों के नाम बताइए । 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

जान, अनार, सखी, अंग, कमल, शांति, विष्णु, मोहन, मर्यादा, उपक्रम ।

7. (क) **दो-दो** पर्यायवाची लिखिए : 5

सागर, मेघ, दर्द, औरत, डर ।

(ख) सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5

महेश, जगदीश, नागेश, दशानन, प्रत्येक ।